PUBLICATION NAME :	Pradesh Today
EDITION :	Bhopal
DATE :	10/01/24
PAGE :	8

ईडीआईआई में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया आयोजन

अहमदाबाद। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने पर आधारित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना है। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (आईसी अनुभाग) द्वारा समर्थित सम्मेलन का उद्घाटन दक्षिण कोरिया के माननीय राजदूत चांग जे-बोक की उपस्थिति में किया गया।